रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2001 REGISTERED No. DL—33001/2001

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 9] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 3, 2001 (फाल्गुन 12, 1922)
No. 9] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 3, 2001 (PHALGUNA 12, 1922)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]
[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
केन्द्रीय कार्यालय, कार्मिक (विधि) विभाग, 17वां माला,
चन्द्रमुखी, नरीमन पॉइंट,
मुंबई-400 021, दिनांक 5 फरवरी 2001

सं.के.का/कार्मिक/लीगल/विविध/3513/एसएके/2000-01--बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मंडल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केंद्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से, एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(1) इन विनियमों को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2001 कहा जा सकेगा।

(2) ये सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 में, विनियम 6 में उप-विनियम (2) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :

(2) जब कभी अनुशासनिक प्राधिकारी की राय हो कि किसी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ दुराचरण या कदाचार के किसी अभ्यारोपण की सत्यता की जांच करने के लिए आधार है, तो वह स्वयं उसकी सत्यता की जांच कर सकेगा या किसी अन्य व्यक्ति, जो लोकसेवक है या रहा हो (जिसे इसमें इसके पश्चात् जांच प्राधिकारी कहा गया है) को उसकी सत्यता की जांच करने के लिए नियुक्त कर सकेगा।

स्पष्टीकरण : जब अनुशासनिक प्राधिकारी स्वयं जांच करता है तो उप-विनियम (8) से लेकर उप-विनियम (21) तक में जांच प्राधिकारी के प्रति किसी निर्देश का अर्थ यह लगाया जाएगा कि वह अनुशासनिक प्राधिकारी के प्रति निर्देश है।

श्री एस. के. गुप्ता
महाप्रबंधक (कार्मिक)
केन्द्रीय कार्यालय

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय

बैंगलूर, दिनांक 16 फरवरी 2001

सं. पीईआर/आईआरडी/503/2001. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980(1980 का 40) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, विजया बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से, विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) विनियम, 1981 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा नीचे उल्लिखित विनियम बनाता है अर्थात्;

1. (1) इन विनियमों को विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) संशोधन विनियम, 2000 कहा जाए।

2. विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) विनियम, 1981 में

(i) विनियम 3 के उप नियम (1) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए नामत:

" प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी बैंक के हितों को सुनिश्चित करने एवं उनकी रक्षा करने के लिए सदैव सभी संभव उपाय करेगा तथा अपना कार्य पूरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्ठा एवं तत्परता से करेगा तथा ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जो एक अधिकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय हो "

(ii) विनियम 3 के उप नियम (3) के बाद निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा नामत:

" बशर्ते कि, जहां ऐसे निवेश मौखिक रूप से किए जाएं, इन निवेशों की पुष्टि उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिखित रूप में की जाएगी "

(iii) विनियम 6 के उप विनियम (I) में विद्यमान उपबंध के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामत:

" किंतु ऐसी मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक या धर्मार्थ, अवैतनिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक कार्य या साहित्य, कला वैज्ञानिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक या सामाजिक प्रकार के प्रासंगिक कार्य कर सकता है, बशर्ते कि उससे उसकी कार्यालय ड्यूटियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े. लेकिन यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके लिए कारण बताते हुए ऐसा न किए जाने का अनुदेश दिया जाता है तो वह ऐसा कार्य नहीं करेगा या जारी नहीं रखेगा ".

(iv) विनियम 6 के उप विनियम (4) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा नामत:

" (4) सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी किसी सार्वजनिक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए अपने द्वारा किए गए किसी कार्य के लिए शुल्क, पारिश्रमिक, मानदेय एवं ऐसे किसी रूप में नकद अथवा इस प्रकार का कोई भुगतान स्वीकार नहीं करेगा " .

(बी. श्रीधर शेट्टी)
महा प्रबंधक (कार्मिक)

इलाहाबाद बैंक
प्रधान कार्यालय
2, एन. एस. रोड,

कलकत्ता - 700 001 दिनांक : 14/02/2001

सं0 इ.का./विधि/1241 बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इलाहाबाद बैंक का निदेशक मण्डल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से इलाहाबाद बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976 में संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा, निम्नलिखित विनियम बनाता है नामतः

1. (i) इन विनियमों को इलाहाबाद बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियम, 2001 कहा जा सकेगा ।

(ii) ये विनियम राजपत्र के प्रकाशन की तारीख से प्रभाव होंगे ।

2. इलाहाबाद बैंक के अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976

(i) विनियम 3 के उप नियम (1) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, नामत :-

"प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी बैंक के हितों को सुनिश्चित करने एवं उनकी रक्षा करने के लिए सदैव सभी संभव उपाय करेगा तथा अपना कार्य पूरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्ठा एवं तत्परता से करेगा तथा ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जो एक अधिकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय हो ।

(ii) विनियम 3 के उप नियम (3) के बाद निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा, नामतः :-

"बशर्ते कि, जहां ऐसे निदेश मौखिक रूप से दिए जाएं, इन निदेशों की पुष्टि उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिखित रूप में की जाएगी । "

(iii) विनियम 6 के उप-विनियम (1) में विद्यमान उपबंध के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा नामत :-

रविन्द्र लाल बत्रा

"किन्तु ऐसी मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक या धर्मार्थ, अवैतनिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक या सामाजिक प्रकार के प्रासंगिक कार्य कर सकता है, बशर्ते कि उससे उसकी कार्यालय ड्यूटियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े । लेकिन यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके लिए कारण बताते हुए ऐसा न किए जाने का अनुदेश दिया जाता है तो वह ऐसा कार्य नहीं करेगा या जारी नहीं रखेगा।"

(iv) विनियम 6 के उप विनियम (4) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामत :-

"(4) सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी किसी सार्वजनिक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए अपने द्वारा किए गये किसी कार्य के लिए शुल्क, पारिश्रमिक, मानदेय एवं ऐसे किसी रूप में नकद अथवा इस प्रकार का कोई भुगतान स्वीकार नहीं करेगा । "

रविन्द्र लाल बत्ता

(आर. एल. बत्ता)
सहायक महाप्रबंधक [विधि]

पाद टिप्पणी : उपर्युक्त विनियमों में पहले किए गए संशोधन नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए गए थे :-

अधिसूचना सं०	दिनांक
सीमत/1/88	25/04/88
सीमत/1/90	20/01/90
प्र.का./सीमत/333/1137	28/12/92
प्र.का./सीमत/0814	28/09/93
प्र.का./सीमत/0926	14/10/2000

केनरा बैंक सामान्य विनियमावली, 1999

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण व अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके तथा केन्द्र सरकार की पूर्व-स्वीकृति के साथ निम्नांकित विनियम बनाता है :

अध्याय - I

1. संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ -

   i) इन विनियमों को केनरा बैंक सामान्य विनियमावली 1999 कहा जाए ।

   ii) यह विनियमावली, शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगी ।

2. परिभाषाएँ - इस विनियमावली में जब तक कि विषय अथवा प्रसंग अथवा अर्थ के प्रतिकूल न हो,

   क) "अधिनियम" से तात्पर्य है, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण तथा अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5वाँ);

   ख) "बैंक" से तात्पर्य है, केनरा बैंक, जो अधिनियम की धारा 9 के अधीन गठित है ।

   ग) "बोर्ड" से तात्पर्य है, अधिनियम की धारा 9 के अधीन गठित निदेशक मंडल।

   घ) "अध्यक्ष से तात्पर्य है, बोर्ड का अध्यक्ष।

   ङ.) "समिति " से तात्पर्य है, बोर्ड द्वारा गठित समिति ।

(ज) "कार्यपालक निदेशक" से तात्पर्य है, पूर्णकालिक निदेशक, जो प्रबंध निदेशक न हो

(झ) "गृह प्रबंधक" से तात्पर्य है, बैंक का गृह प्रबंधक।

(ञ) "प्रबंधन समिति" से तात्पर्य है, योजना के खण्डखंड 13 के अधीन गठित एक समिति ।

(ट) "प्रबंध निदेशक" से तात्पर्य है, बैंक का प्रबंध निदेशक ।

(ठ) "रजिस्टर" से तात्पर्य है, अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (2जी) के अधीन बैंक की एक या अनेक बहियों में रखा शेयरधारकों का रजिस्टर, जिसमें कंप्यूटर फ्लॉपी या डिस्केट में रखा शेयरधारकों का रजिस्टर भी शामिल है ।

(ड) "रजिस्ट्रार" से तात्पर्य है, निम्न प्रयोजनों के लिए बैंक द्वारा नियुक्त एक व्यक्ति -

i) एक इश्यू के संबंध में निवेशकों से आवेदन प्राप्त करना

ii) निवेशकों से प्राप्त आवेदनों और धनराशियों का अथवा प्रतिभूतियों के विक्रेताओं को अदा की गई धनराशियों का समुचित रिकार्ड रखना,

iii) निम्नलिखित कार्यों में बैंक की मदद करना -

(क) स्टॉक एक्सचेंज से परामर्श करके प्रतिभूतियों के आवंटन का आधार निर्धारित करना,

(ख) प्रतिभूतियों के आवंटन के लिए पात्र व्यक्तियों की सूची को अंतिम रूप देना,

(ग) इश्यू से संबंधित आवंटन पत्रों, भाषणी आदेशों या प्रमाणपत्रों और अन्य संबंधित दस्तावेजों का प्रोसेसिंग और प्रेषण करना, और

iv) बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे जानेवाले ऐसे अन्य कार्य

(ढ) "योजना" से तात्पर्य है, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 ।

(ण) "शेयर" से तात्पर्य है, बैंक की शेयर पूँजी में हिस्सेदारी ।

खंड II

शेयर तथा शेयर का रजिस्टर

3) शेयरों की प्रकृति : केनरा बैंक के शेयर चल संपत्ति होगी, जो इन विनियमों के तहत प्रावधानित तरीके से अंतरणीय होगी ।

4) शेयर पूँजी के प्रकार :

(i) अधिमानी शेयर पूँजी का मतलब है, शेयर पूँजी का केनरा बैंक का वह भाग, जो निम्नांकित दोनों शर्तों को पूरा करता है :-

(क) लाभांश के मामले में, वह निश्चित राशि या निर्धारित दर पर परिकलन राशि, के भुगतान के अधिमानी अधिकार का पात्र है जो या तो आयकर से मुक्त होगी या आय कर योग्य होगी ।

(ख) पूँजी के मामले में, पूँजी की चुकौती के लिए समापन पर, प्रदत्त या प्रदत्त समझी जानेवाली पूँजी की राशि की चुकौती का अधिमानी अधिकार उसके साथ रहता है, भले ही निम्नांकित में से एक या दोनों राशियों के भुगतान के अधिकार के लिए अधिमानी अधिकार हो या न हो, जो राशि निम्नवत है -

(अ) खंड (क) में निर्धारित समापन की तिथि या पूँजी की चुकौती की तिथि तक चुकौती न की गई कोई भी राशि, तथा

(आ) केंद्र सरकार की पूर्व सहमति से बोर्ड द्वारा निर्धारित कोई भी निर्धारित प्रीमियम या किसी निश्चित स्केल पर प्रीमियम ।

(ii) "ईक्विटी शेयरपूँजी" वह सभी शेयर पूँजी है, जो अधिमानी शेयर पूँजी नहीं है ।

(iii) "अधिमानी शेयर" तथा "ईक्विटी शेयर" इन अभिव्यक्तियों का तदनुसार अर्थ लिया जाए ।

5) रजिस्टर में प्रविष्टि योग्य ब्यौरा

(i) अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(एफ) के अनुसार शेयर रजिस्टर को रखना, अनुरक्षण करना तथा अद्यतन करना चाहिए ।

(ii) अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (एफ) में निर्धारित विवरण के अतिरिक्त, बोर्ड द्वारा निर्धारित ऐसे अन्य विवरण की भी प्रविष्टि रजिस्टर में की जाए ।

(iii) किसी भी शेयर के संयुक्त धारक के मामले में उप विनियम (i) में अपेक्षित उनके नाम तथा अन्य विवरण को, ऐसे संयुक्त धारकों के पहले नाम के तहत समूहीकृत किया जाए ।

(iv) अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2 (एफ) के उपबंधों के अधीन, भारत से बाहर आवास करनेवाले शेयरधारक द्वारा भारत में उसके पते की सूचना बैंक को दी जाये तथा ऐसे पते की प्रविष्टि रजिस्टर में की जाए तथा इस अधिनियम एवं उन विनियमों के प्रमाणन हेतु इस पते को उसका पंजीकृत पता माना जाएगा ।

(v) किसी भी ट्रस्ट की किसी भी नोटिस, चाहे व्यक्त हो, निहित या रचनात्मक, की प्रविष्टि रजिस्टर में न की जाये या वह बैंक को प्राप्य नहीं होनी चाहिए ।

6) शेयर तथा रजिस्टरों पर नियंत्रण - इस अधिनियम तथा उन नियमों के प्रावधानों तथा समय समय पर बोर्ड द्वारा जारी किए जानेवाले निर्देशों के तहत, ऐसा रजिस्टर केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय में रखा जाए तथा उसका रख-रखाव किया जाना चाहिए तथा वह बोर्ड के नियंत्रण में रखा जाए और कोई व्यक्ति शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किए जाने का हकदार है या नहीं उसके बारे में बोर्ड का निर्णय अंतिम निर्णय होगा ।

7) ऐसी पार्टियाँ जिन्हें शेयरधारक के रूप में पंजीकृत नहीं किया जाना चाहिए -

i) इन विनियमों के तहत अन्यथा प्रावधान न होने की स्थिति में, जो व्यक्ति संविदा के लिए सक्षम नहीं है, वे शेयरधारक के रूप में पंजीकृत होने के हकदार नहीं हैं तथा इस संबंध में बोर्ड का निर्णय निर्णायक एवं अंतिम होगा ।

ii) फर्मों के मामले में, व्यक्तिगत साझेदारों के नाम पर शेयरों का पंजीकरण किया जाएगा तथा कोई भी फर्म शेयरधारक के रूप में पंजीकृत नहीं की जाएगी ।

8) कंप्यूटर सिस्टम पर शेयर रजिस्टरों का रख-रखाव, आदि -

i) इस अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(एफ) के साथ पठित विनियम 5 में उल्लिखित अनुसार शेयर रजिस्टर में प्रविष्टि के लिए अपेक्षित विवरण, अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(जी) के तहत, प्रधान कार्यालय में रखे गए कंप्यूटरों पर डिस्केटस्, फ्लॉपीज़, केट्रिजिस या अन्य के द्वारा मैग्नेटिक / ऑप्टिक / मैग्नेटो - ऑप्टिकल मीडिया (जिसे इसके पश्चात मीडिया कहा जाएगा) के माध्यम में रखे गए डाटा के रूप में रखी जाए तथा बैक अप ऐसी अवस्थिति में रखा जाए जैसा कि अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा या इस हेतु अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा नामित ऐसे अधिकारी जो न्यूनतम महा प्रबंधक के पद का (जिसे एतद्पश्चात् 'नामित अधिकारी' कहा जाएगा) होना चाहिए, द्वारा निर्णय लिया जाता है ।

(ii) अधिनियम की धारा 3 (बी) के साथ पठित डिपॉज़िटरीज़ अधिनियम 1996 की धारा 11 के तहत शेयर रजिस्टर में अपेक्षित प्रविष्टि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उसमें विनिर्दिष्ट रूप में तथा प्रकार से की जाएगी ।

9. कंप्यूटर सिस्टम के लिए सुरक्षोपाय

i) विनियम 8(i) में वर्णित अनुसार, जिसमें डाटा रखा गया है उस सिस्टम तक, पहुँच, जिसमें निर्गम के रजिस्ट्रार तथा / या इस हेतु अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक नामित अधिकारी द्वारा प्राधिकृत शेयर अंतरणकर्ता एजेंट तथा यदि कोई पासवर्ड हो तो, तक सीमित होगी तथा इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा नियंत्रण पद्धति कथित व्यक्तियों की अभिरक्षा में रखी जाए ।

ii) प्राधिकृत व्यक्तियों के कंप्यूटर सिस्टम में प्रवेश को कंप्यूटर सिस्टम द्वारा लॉग्स में प्रविष्ट किया जाए तथा ऐसे लाग्स को अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा इस प्रयोजन हेतु नामित अधिकारियों / व्यक्तियों या नामित अधिकारियों द्वारा सुरक्षित रखा जाए ।

iii) बैक अप की प्रतियां, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा नामित अधिकारियों द्वारा समय समय पर निर्धारित अंतराल रिमूवेबल मीडिया पर ली जाए, जिसमें शेयरधारक रजिस्टर में किए गए परिवर्तनों को सम्मिलित किया जाए । कम से कम एक प्रति ऐसे स्थान पर परिरक्षित की जाए जिसमें प्रोसेसिंग किया जाता है । इस प्रति को ताला लगाने की व्यवस्थावाले आग से सुरक्षित वातावरण में तथा आवश्यक तापमान में रखा जाए । दोनों स्थानों पर बैक-अप के प्रति प्रवेश केवल उन व्यक्तियों तक सीमित हो जिन्हें अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा या नामित अधिकारियों द्वारा इस हेतु प्राधिकृत किया गया है । इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा प्रवेश / पहुँच उस स्थान पर रखे गए हस्तलिखित रजिस्टर में रिकार्ड किया जाए ।

iv) प्राधिकृत व्यक्तियों का यह कर्तव्य होगा कि बैक अप की यथा तथ्यता सुनिश्चित करने हेतु उचित सॉफ्टवेयर की सहायता से बैक अप के डाटा की, कंप्यूटर पर रहनेवाले डाटा के साथ तुलना करें । इस क्रियाविधि के परिणाम को इस हेतु रखे गए रजिस्टर में रिकार्ड किया जाए ।

v) प्रौद्योगिकी उन्नति को तथा / या स्थिति की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए शेयरधारकों के रजिस्टरों के कंप्यूटर सिस्टम में रख-रखाव में आवश्यक सुरक्षोपायों के मामले में अनुदेशों, शर्तों में विशेष या सामान्य आदेशों के जरिए जोडने तथा आशोधन करने का अधिकार अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को होगा ।

10) संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग - कोई शेयर दो या उससे अधिक व्यक्तियों के नाम पर होने की स्थिति में, रजिस्टर में पहले जिसका नाम दर्ज है वह व्यक्ति मताधिकार, लाभांश प्राप्त करना, नोटिस भेजना तथा केनरा बैंक से संबंधित अन्य कोई एक या सभी मामलों में, जिसमें शेयर का अंतरण सम्मिलित नहीं है, के लिए शेयर का एकमात्र स्वामी माना जाएगा ।

11) रजिस्टर का निरीक्षण

(i) विनियम 12 के अधीन जब वह बंद रहता है, उस स्थिति को छोड़कर रजिस्टर किसी भी शेयरधारक द्वारा निरीक्षण के लिए बिना किसी भी शेयरधारक द्वारा निरीक्षण के लिए बिना किसी प्रभार के कारोबार समय में वह जहाँ पर रखा जाता है उस स्थान पर बोर्ड द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के अधीन खुला रहेगा, परंतु किसी भी कार्य दिवस में दो घंटों से कम समय अनुमत नहीं होगा ।

(ii) रजिस्टर में रहनेवाली किसी भी प्रविष्टि का कोई भी शेयरधारक उद्धरण ले सकता है या निःशुल्क कंप्यूटर प्रिंट-आउट ले सकता है या यदि वह रजिस्टर का या उसके किसी अंश का प्रिंट-आउट चाहता हो तो प्रत्येक सौ शब्दों को या उसके किसी खंडित भाग को कॉपी करने के लिए रु.5/-की दर पर उसके द्वारा पूर्व भुगतान किए जाने पर ऐसे प्रिंट-आउट की आपूर्ति उसे की जाएगी ।

(iii) उप विनियम (ii) में निहित अन्य किसी बात के होते हुए, सरकार द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत किसी भी अधिकारी को रजिस्टर की किसी भी प्रविष्टि की कॉपी बनाने का या रजिस्टर की किसी भी प्रविष्टि की कॉपी बनाने या रजिस्टर की या किसी भी अंश की उसे आपूर्ति करने का अधिकार होगा ।

12. रजिस्टर बंद करना

भारत में परिचालित होनेवाले किन्हीं दो समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिये न्यूनतम सात दिनों की नोटिस देते हुए बैंक शेयरधारकों के रजिस्टर को ऐसी अवधि या अवधियों के लिए बंद कर सकता है जो अवधि प्रत्येक वर्ष पैंतालिस दिनों से अधिक नहीं होगी परंतु किसी एक समय वह तीस दिन से अधिक नहीं होगी जैसाकि बैंक की राय में आवश्यक समझा जाता है ।

13. शेयर प्रमाण पत्र

(i) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र पर शेयर प्रमाण पत्र का नंबर, एक विशिष्ट पहचान नंबर, जिन शेयरों के संबंध में वह जारी किया गया है उन शेयरों की संख्या तथा जिस शेयरधारक को वह जारी किया गया है, उसका नाम होना चाहिए तथा वह उसी प्रारूप में होना चाहिए जैसाकि बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाता है ।

(ii) बोर्ड द्वारा किए गए संकल्प के अनुपालन में, प्रत्येक शेयर प्रमाण पत्र बैंक की सामान्य मुहर के तहत जारी किया जाना चाहिए तथा वह दो निदेशकों तथा बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए ।

बशर्ते कि निदेशकों के हस्ताक्षर बोर्ड के निर्देशों के अनुसार मुद्रित, उत्कीर्ण, लिथोग्राफ किए गए या ऐसे अन्य मैकेनिकल प्रक्रिया से छाप हो सकते हैं ।

(iii) इस प्रकार मुद्रित, उत्कीर्ण, लिथोग्राफ किए गए या अन्य तरह से छापे गए हस्ताक्षर उतने ही विधिमान्य होंगे जितने कि हस्ताक्षरकर्ता की अपनी लिखावट में किए गए हस्ताक्षर वैध होंगे ।

(iv) कोई भी शेयर प्रमाण पत्र तब तक वैध नहीं होगा जब तक कि उस पर इस तरह हस्ताक्षर नहीं होते । इस प्रकार हस्ताक्षरित शेयर प्रमाण पत्र वैध तथा बंधनकारी होगा, इस तथ्य से निरपेक्ष कि इसे जारी करने से पहले, इस पर जिस व्यक्ति के हस्ताक्षर अंकित हैं, वह व्यक्ति बैंक द्वारा हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के रूप में न रहा हो ।

(v) इस प्रकार तैयार किए गए शेयर प्रमाण पत्र पर उपरोक्त उप खंड (ii) में उल्लिखित अनुसार यदि प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हो, परंतु जो प्रमाण पत्र जारी करने के समय मृत हो, बैंक अपने द्वारा सर्वाधिक उत्तम समझे जानेवाले तरीके से प्रमाणपत्र पर ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर रद्द कर सकता है तथा अन्य किसी प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर अंकित करवा सकता है । उस प्रकार जारी किया गया शेयर प्रमाण पत्र वैध होगा ।

14. शेयर प्रमाण पत्र जारी करना :

(i) किसी भी शेयरधारक को शेयर प्रमाण पत्र जारी करते समय बोर्ड इस बात के लिए सक्षम होगा कि किसी एक समय में उसके नाम पर पंजीकृत प्रति सौ या उसके गुणन में जारी शेयरों के लिए एक प्रमाण पत्र के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करें तथा उससे अधिक संख्या में परंतु जो सौ से कम शेयरों के लिए एक अतिरिक्त प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

(iii) अनेक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से धारित शेयर या शेयरों के मामले में, एक से अधिक प्रमाणपत्र जारी करने के लिए बैंक बाध्य नहीं होगा, तथा अनेक संयुक्त धारकों में से किसी एक व्यक्ति को उसकी सुपुर्दगी ऐसे सभी व्यक्तियों को पर्याप्त सुपुर्दगी होगी ।

5) शेयर प्रमाणपत्र का नवीकरण :

(i) यदि कोई प्रमाणपत्र जीर्ण या विकृत अवस्था में हो उसके प्रस्तुतीकरण पर, बोर्ड या उसके द्वारा नामित समिति उसे रद्द करने तथा उसके स्थान पर नया प्रमाण पत्र जारी का आदेश दे सकता है ।

(ii) यदि कोई प्रमाणपत्र खो गया या विनष्ट हो गया हो, तो बोर्ड या उसके द्वारा नामित समिति जामिन सहित या रहित, बोर्ड या उसके द्वारा नामित समिति द्वारा जो भी उचित पाया जाए, अतिपूर्ति पर या दो समाचार पत्रों में प्रकाशन पर तथा केनरा बैंक को उसकी लागत प्रभार तथा व्यय का भुगतान किए जाने पर ऐसे गुम हुए या विनष्ट प्रमाण पत्र के स्थान पर हकदार व्यक्ति को डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है ।

16. शेयरों का समेकन तथा उप-विभाजन :

शेयरधारक (धारकों) द्वारा लिखित आवेदन दिए जाने पर, बोर्ड या उसके द्वारा नामित समिति, समेकन / उप विभाजित करेगी तथा उसके उससे संबंधित प्रासंगिक खर्च, प्रभार एवं व्यय का केनरा बैंक को भुगतान किया जाने पर उसके स्थान पर नये शेयर प्रमाणपत्र (पत्रों) को जारी करेगा ।

17. शेयरों का अंतरण :

(i) बैंक के शेयरों का प्रत्येक अंतरण एतद् संलग्न अंतरण लिखत फॉर्म "ए" में या बैंक द्वारा समय-समय पर अनुमोदित ऐसे अन्य तरीके से किया जाएगा तथा दिनांकित हो तथा निष्पादक तथा दिनांक की मुहर लगायी जाए तथा अंतरणकर्ता द्वारा तथा उसके लिए उसे संबद्ध शेयर प्रमाणपत्रों के साथ उसे विधिवत रूप से स्टैंप किया जाये, दिनांक डाला जाए तथा निष्पादित किया जाए ।

(ii) अंतरण लिखत शेयर प्रमाणपत्र के साथ बैंक के प्रधान कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए तथा अंतरणकर्ता को ही ऐसे शेयरों का तब तक स्वामी माना जाएगा जब तक कि इस संबंध में शेयर रजिस्टर में अंतरिती के नाम की प्रविष्टि नहीं की जाती ।

(iii) अंतरण के पंजीकरण के अनुरोध के साथ शेयर प्रमाणपत्र के साथ अंतरण लिखत बैंक को प्राप्त होने के बाद बोर्ड तथा उसके द्वारा नामित समिति द्वारा शेयर प्रमाणपत्र के साथ अंतरण लिखत को रजिस्ट्रार तथा / या शेयर अंतरण एजेंट के पास इस बात के सत्यापन हेतु भेजा जाए कि तकनीकी आवश्यकताएं अपने समग्र रूप में पूरी की गई है । रजिस्ट्रार तथा / या शेयर अंतरण एजेंट शेयर प्रमाण पत्र यदि कोई हो तो उसके साथ अंतरण लिखत, अंतरिती को पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु भेजे, जिसके लिए निम्नवत् अपवाद हैं -

(अ) अंतरण लिखत को विधिवत रूप से स्टांप लगाकर तथा उचित रूप से निष्पादित करते हुए पंजीकरण हेतु बैंक को प्रस्तुत किया जाता है तथा जिन शेयरों से वह संबंधित है, वह प्रमाण पत्र या बोर्ड द्वारा संघन्नकर्ता के द्वारा ऐसे अंतरण का स्वाधिकार दर्शाने हेतु आवश्यक समझा जानेवाला ऐसा कोई आवश्यक प्रमाण संलग्न हो ।

(आ) अंतरण लिखत के अंतर्गत आनेवाले शेयरों के मामले में शेयरधारक के रूप में पंजीकृत होने के लिए अंतरिती पात्र है इस बात से रजिस्ट्रार संतुष्ट हो ।

(iv) बोर्ड या बोर्ड द्वारा नामित समिति द्वारा जब विनियम 19 के अंतर्गत जब तक एतद्पश्चात् शेयरों के पंजीकरण से इन्कार नहीं किया जाता, शेयरों का पंजीकरण करवाया जाए ।

18. अंतरण को निलंबित करने का अधिकार :- बोर्ड या बोर्ड द्वारा नामित समिति द्वारा ऐसी अवधि में किसी भी शेयर का पंजीकरण न करवाया जाए जब रजिस्टर बंद रहता है ।

19. शेयरों के अंतरण को पंजीकृत करने से नकारने का बोर्ड का अधिकार :

(i) बोर्ड द्वारा निम्नांकित में से किसी एक या अनेक कारणों अंतरिति के नाम पर किन्हीं भी शेयरों के अंतरण को नकारा जा सकता है, तथा अन्य किसी भी कारण से वह इसे नकार नहीं सकता ।

(अ) शेयरों का अंतरण, अधिनियम के प्रावधानों या उसके तहत बनाए गए विनियमों या अन्य किसी कानून के उल्लंघन में हो या ऐसे अंतरण के पंजीकरण से संबंधित कानून की अन्य आवश्यकता का उल्लंघन किया हो।

(आ) शेयरों का अंतरण, बोर्ड की राय में बैंक के या सार्वजनिक हित के लिए जोखिम पूर्ण हो।

(इ) न्यायालय, न्यायाधिकरण के आदेश या उस समय प्रभावी किसी भी कानून के तहत शेयरों का अंतरण पर रोक लगा दी गई हो ।

(ई) भारत से बाहर निवास करनेवाले किसी व्यक्ति या कंपनी या भारत में प्रभावी न रहनेवाले किसी भी कानून के तहत निगमित किसी भी कंपनी या ऐसी कंपनी की कोई भी शाखा, चाहे वह भारत के बाहर अब स्थित हो या न हो, यदि ऐसे अंतरण की अनुमति देने के परिणामस्वरूप बैंक के शेयरों का धारण या अभिग्रहण करेगी तथा कुल में ऐसे निवेश के कारण प्रदत्त पूँजी के 20% या शासकीय राजपत्र में अधिसूचना के जरिये केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित प्रतिशतता से अधिक हो जाता हो ।

तथापि, शर्त यह है कि उपरोक्त (i) ग उप-विनियम में उल्लिखित नकारने के अधिकारों का प्रयोग इस प्रयोजन के लिये बोर्ड द्वारा नामित समिति द्वारा किया जाये ।

(ii) बैंक के शेयरों के अंतरणों की लिखत जब बोर्ड के पास ऐसे अंतरण के पंजीकरण के लिए दर्ज किए जाने के बाद बोर्ड अपनी राय निर्धारित करेगा कि क्या उपरोक्त उप-विनियम (i) में उल्लिखित किसी भी पृष्ठ भूमि पर क्या ऐसे पंजीकरण को नकारा जाना चाहिए या नहीं ।

(अ) यदि उसने यह राय बना ली हो कि ऐसे पंजीकरण से इन्कार नहीं किया जाना चाहिए, तो पंजीकरण पूरा करे तथा

(आ) यदि बोर्ड की यह राय हो कि उप-विनियम (i) में उल्लिखित किसी भी पृष्ठ भूमि पर पंजीकरण नकारना चाहिए, तो अंतरण फार्म प्राप्त करने 60 दिनों के अंदर लिखित नोटिस भेजकर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती दोनों को सूचित किया जाए ।

20. मृत्यु, दिवालियेपन की स्थिति में शेयरों का प्रेषण :

(i) शेयर के मामले में मृत शेयरधारक के निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 के भाग X के तहत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र सहित या रहित वसीयत पत्र या प्रशासन पत्र का धारक या किसी वैध अभ्यावेदन का धारक या मृत एकल धारक द्वारा अपने जीवनकाल में जिस व्यक्ति के पक्ष में अंतरण की वैध लिखत को निष्पादित किया गया था वह व्यक्ति मात्र केवल ऐसा व्यक्ति होगा जिसे केनरा बैंक द्वारा यह माना जायेगा कि उस व्यक्ति उस व्यक्ति को शेयर का कोई स्वत्वाधिकार है ।

(ii) दो या उससे अधिक शेयरधारकों के नाम पर पंजीकृत शेयरों के मामले में, एक उत्तरजीवी और अनेक उत्तरजीवी तथा अंतिम उत्तरजीवी की मृत्यु के मामले में, उसके निष्पादक या प्रशासक या ऐसा कोई भी व्यक्ति जो वसीयत पत्र या प्रशासन पत्र का धारक है जिसके साथ शेयर में उस व्यक्ति के हित के मामले तक इच्छापत्र या उत्तरजीविता प्रमाणपत्र या अन्य कोई वैध अभ्यावेदन संलग्न हो या न हो, या ऐसे व्यक्ति द्वारा या अंतिम उत्तरजीवी द्वारा अपने जीवनकाल में अंतरण की कानूनी लिखत निष्पादित की गई हो वह व्यक्ति मात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे केनरा बैंक द्वारा यह माना जायेगा कि उसे ऐसे शेयर का कोई स्वत्वाधिकार है ।

(iii) केनरा बैंक द्वारा ऐसे निष्पादकों या प्रशासकों को मान्यता प्रदान करते हुए नहीं पाया जायेगा जब तक कि उनके द्वारा सक्षम क्षेत्राधिकार के न्यायालय से जैसा भी मामला हो वसीयत प्रमाणपत्र या प्रशासन पत्र या उत्तरजीविता प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया जाता ।

परंतु, शर्त यह है कि जिन मामलों में बोर्ड अपने विवेकाधिकार से यह उचित पाये, वसीयत प्रमाणपत्र या प्रशासन पत्र या उत्तरजीवित प्रमाणपत्र या ऐसे ही अन्य वैध अभ्यावेदन के प्रस्तुतीकरण से बोर्ड क्षतिपूर्ति या उसके द्वारा उचित पायी गयी अन्य शर्तों पर छूट दे सकता है ।

(iv) शेयरधारक की मृत्यु के परिणामस्वरूप शेयर का हकदार बननेवाला कोई भी व्यक्ति तथा शेयरधारक की शोधन अक्षमता, दिवालियेपन या परिसमापन के परिणामस्वरूप शेयर का हकदार बननेवाला कोई भी व्यक्ति, बोर्ड की अपेक्षानुसार ऐसे साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद, उसे निम्नांकित अधिकार होंगे -

(अ) ऐसे शेयरों के मामले में शेयरधारक के रूप में पंजीकरण कराना ;

(आ) जिस व्यक्ति से वह अधिकार प्राप्त करता है, उस व्यक्ति द्वारा ऐसे शेयर का किया अंतरण किया जाता उस प्रकार उस शेयर का अंतरण करना ।

21. शेयरधारक की पंजीकरण हेतु अर्हता समाप्त होना -

शेयरधारक के रूप में चाहे व्यक्तिगत रूप में किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किसी भी व्यक्ति का यह कर्तव्य बनता है कि उसके द्वारा किसी भी शेयर के मामले में पंजीकरण हेतु उसकी अर्हता समाप्त होते ही इस संबंध में निदेशक मंडल को वह सूचित करें।

22. शेयर पर मांग : निर्धारित समय पर देय न बनायी गयी शर्त पर आबंटित शेयरों के उनके द्वारा धारण के मामले में चुकाई न गई धनराशि के लिए, अपने द्वारा उचित समझे गए रूप में शेयरधारकों को समय-समय पर ऐसा बुलावा देगा, तथा ऐसे हर बुलावे पर, बोर्ड द्वारा निर्धारित समय तथा स्थल पर प्रत्येक शेयरधारक उस व्यक्ति को भुगतान करेगा । मांग किश्तों में देय होगा ।

23. मांग की तिथि संकल्प से मानी जाये - मांग उस समय की हुई माना जाएगा जब ऐसा मांग करने को प्राधिकृत करने का संकल्प बोर्ड द्वारा पारित किया जाता है तथा रजिस्टर पर ऐसी तिथि को तथा बोर्ड के विवेकाधिकार पर ऐसी किसी परवर्ती तिथि को देय माना जायेगा जिसे बोर्ड उचित समझें ।

मांग की नोटिस : भुगतान का समय निर्धारित करते हुए प्रत्येक मांग का न्यूनतम तीस दिनों की नोटिस दी जाये बशर्ते कि ऐसी मांग के भुगतान के समय से पहले बोर्ड शेयरधारकों को लिखित नोटिस देकर उसे वापस बुला सकता है ।

25. मांग के भुगतान के लिए अवधि बढ़ाना - बोर्ड अपने विवेकाधिकार से सभी या किसी भी एक शेयरधारक को, उनके आवास से दूरी का ध्यान में रखते हुए या अन्य किसी पर्याप्त कारण से किसी भी मांग के भुगतान के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ा सकता है, परंतु कोई भी शेयरधारक अपने अधिकार के रूप में इसका हकदार नहीं बन सकता ।

26. संयुक्त धारकों की देयतायें - शेयर के संयुक्त धारक शेयरों के मामले में सभी मांगों के भुगतान के लिए संयुक्त रूप से तथा व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार होंगे ।

27. मांग पर निर्धारित समय पर या किश्तों में देय राशि - किसी शेयर के जारी करने की शर्तों के अनुसार या अन्यथा यदि कोई राशि किसी निर्धारित समय पर या निर्धारित समय पर किश्तों में अदा की जानी हैय तो ऐसी प्रत्येक राशि या किश्त उसी तरह देय होगी मानो बोर्ड द्वारा विधिवत् रूप से मांग किया गया हो तथा जिसकी विधिवत् नोटिस दी गई और मांग के मामले में एतद् सम्मिलित सभी प्रावधान ऐसी राशि या किश्तों से तदनुसार संबंधित होंगे ।

28. मांग पर या किश्त पर ब्याज कब देय होगा - किसी मांग या किश्त के मामले में उसके भुगतान हेतु निर्धारित तिथि या उससे पहले राशि का भुगतान नहीं किया जाता, उस अस्थायी अवधि के लिए धारक या जिस शेयर के मामले में मांग किया जाना आवश्यक था जिसकी किश्त देय है उसके शेयर के आबंटिती ऐसी राशि पर बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर पर, उसके भुगतान हेतु नियत तिथि से लेकर उसके वास्तविक भुगतान की तिथि तक बोर्ड ब्याज का भुगतान करेगा, परंतु बोर्ड अपने स्वविवेक से ऐसे ब्याज के भुगतान से पूर्णतः या अंशतः छूट दे सकता है ।

29. शेयरधारक द्वारा मांग का भुगतान न किया जाना - कोई भी शेयरधारक कोई भी लाभांश प्राप्त करने या शेयरधारक के किसी भी अधिकार का प्रयोग करने का अधिकारी नहीं होगा जब तक कि उसके द्वारा व्यक्तिगत या अन्य किसी व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से धारित शेयर पर लगाए गए या प्रगामित, ब्याज तथा व्यय के साथ, देय तिथि से तथा देय होने पर राशि का भुगतान नहीं करता ।

30. मांग या किश्त के भुगतान न करने पर नोटिस यदि कोई शेयरधारक किसी मांग की या किसी किश्त या किसी शेयर की या तो मूलधन या ब्याज के रूप में देय राशि का उसके भुगतान हेतु नियत तिथि पर भुगतान नहीं करता, तो केनरा बैंक उसके पश्चात जिस अवधि के दौरान मांग या किश्त या उसके किसी अंश या अन्य राशि का जब तक भुगतान नहीं होता, या उसके मामले में अधिनिर्णय या डिक्री जब तक पूर्णतः/अंशतः असंतुष्ट रहती है, बैंक ऐसे शेयरधारक को या यदि व्यक्ति (कोई हो) ऐषण के द्वारा शेयर का हकदार बनता है, उसे नोटिस भेज सकता है कि मांग या किश्त या उसके ऐसे अंश का या जिसका भुगतान नहीं किया गया ऐसी साक्षी का, उस ब्याज राशि के साथ, जो प्रोद्भूत हो सकती थी, तथा ऐसे सभी व्यय (कानूनी तथा अन्य व्ययों जो ऐसे गैर-भुगतान के कारण केनरा बैंक को उठाने पड़ सकते थे, उस राशि के साथ वह व्यक्ति भुगतान करें।

31. रद्द करने की नोटिस : निरस्तीकरण नोटिस में ऐसे दिन को नियत किया जाना चाहिए जो नोटिस की तिथि से चौदह दिन से कम नहीं होना चाहिए तथा एक स्थान या अनेक स्थान नियत किए जाने चाहिए जहाँ पर ऐसी मांग या किश्त या ऐसे किसी अंश या ऐसी ही धनराशि तथा उपरोक्तानुसार ब्याज तथा व्यय का भुगतान किया जाना है । नोटिस में यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि समय पर या उससे पहले तथा नियत स्थान पर भुगतान न किए जाने की स्थिति में, जिस शेयर के मामले में मांग की गयी थी या किश्त देय है, वह रद्द कर दिया जाएगा ।

32. चूक के मामले में शेयरों को रद्द किया जाना - यदि उपरोक्तानुसार किसी ऐसी नोटिस की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया जाता तो जिन शेयरों के मामले में ऐसी नोटिस दी गयी है, वह उसके बाद गैर-भुगतान के लिए दिए गए ऐसी सभी मांग, किश्तों, ब्याज तथा व्यय तथा उस मामले में देय राशि के गैर-भुगतान के लिए, उन्हें उस हेतु किए गए बोर्ड के संकल्प द्वारा रद्द किया जा सकता है । ऐसे निरस्तीकरण में जिसत शेयरों के मामले में घोषित सभी लाभांश तथा निरस्तीकरण से पहले भुगतान न किए गए शेयरों के मामले में घोषित सभी लाभांश सम्मिलित होगा ।

33. जब्ती के रजिस्टर में प्रविष्टि - जब कभी विनियम 32 के अधीन किसी शेयर का निरस्तीकरण किया जाता है तो निरस्तीकरण की तिथि के साथ उसकी प्रविष्टि रजिस्टर में की जाये ।

34. जब्त शेयर केनरा बैंक की संपत्ति होगी तथा वह बेची जा सकती है । - इस तरह से जब्त किसी भी शेयर को केनरा बैंक की संपत्ति माना जायेगा तथा उसे बेचा या पुनर्आवंटित किया जाएगा तथा उसे अन्यथा उसका निपटान ऐसी शर्तों पर तथा ऐसे तरीके से किया जाएगा जिसे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

35. निरस्तीकरण को निष्प्रभावी बनाने का अधिकार - उप विनियम 32 के तहत इस प्रकार निरस्त किसी भी शेयर को जिसे बेचा जाना, पुनराबंटित किया जाना या अन्यथा निपटान किया जाना था, उससे पहले बोर्ड किसी भी समय, अपने द्वारा ठीक समझे जानेवाली शर्तों पर निरस्तीकरण को निष्प्रभावी बना सकता है ।

36. निरस्तीकरण के समय शेयरधारक द्वारा तथा ब्याज की देयता - कोई भी शेयरधारक जिसके शेयरों को निरस्त किया गया है, उस निरस्तीकरण के निरपेक्ष, वह केनरा बैंक को हर मांग, किश्तें, ब्याज तथा अन्य देय धन या उन शेयरों के मामले में निरस्तीकरण के समय निरस्तीकरण से लेकर भुगतान तक बोर्ड द्वारा निर्धारित दर पर ब्याज समेत तुरंत भुगतान करने के लिए बाध्य है तथा भुगतान करेगा तथा बोर्ड संपूर्ण राशि या उसके अंश के भुगतान को लागू करेगा ।

37. आंशिक भुगतान - जब्ती में प्रतिबाधक नहीं बनेगा - किसी भी शेयर के मामले में देय किसी भी मांग या अन्य राशि के लिए केनरा बैंक के पक्ष में न ही कोई अधिनिर्णय और न ही कोई डिक्री या न ही उसके तहत कोई भुगतान या अनुतोष या किसी भी शेयर के मामले में या तो मूलधन या ब्याज के रूप में समय-समय पर शेयरधारक द्वारा देय होनेवाली किसी भी राशि की केनरा बैंक द्वारा आंशिक प्राप्ति, या किसी भी राशि के भुगतान के मामले में केनरा बैंक द्वारा अनुमत भुगतान स्थगन, इन विनियमों के तहत ऐसे शेयरों की जब्ती में प्रतिबाधक नहीं होगा ।

38. शेयरों की जब्ती बैंक के प्रति किसी भी दावे को समाप्त कर देती है - शेयर की जब्ती के साथ, जब्ती के समय शेयर में या शेयर से संबंधित अन्य अधिकारों में उसके (शेयरधारक) हित तथा बैंक के प्रति सभी दावों या / मांगों को समाप्त कर देती है, जिसके लिये अपवाद हैं केवल वे अधिकार जिन्हें इन विनियमों द्वारा स्पष्ट रूप से छूट दी गई है ।

39. बिक्री, पुनर्निर्गमन, पुनः आबंटन अथवा जब्ती द्वारा निपटान के अंतर्गत अकृत एवं शून्य बने मूल शेयरों की, इसके पूर्ववर्ती विनियमों के प्रावधानों के अधीन बिक्री, पुनर्निर्गमन, पुनः आबंटन या अन्यथा निपटान की स्थिति में, संबंधित शेयरों के मामले में मूलतः जारी प्रमाणपत्र (जब तक कि बैंक द्वारा मांगे जाने पर, चूककर्ता सदस्य द्वारा उसे बैंक को अभ्यर्पित किया नहीं जाता) निरस्त होंगे और अकृत एवं शून्य बन जाएंगे और उनका कोई प्रभाव नहीं होगा तो उक्त शेयरों के संबंध में एक नया प्रमाणपत्र या अनेक प्रमाणपत्र, उसके हकदार व्यक्तियों को जारी करने के लिए बोर्ड का अधिकार होगा ।

40. जब्ती संबंधी प्रावधानों को लागू करना - किसी ऐसी रकम की अदायगी न करने पर इस विनियमावली के जब्ती संबंधी प्रावधान लागू होंगे, जो शेयर जारी करने की शर्तों के मुताबिक एक निश्चित समय पर देय बन जाती है, चाहे शेयर का अंकित मूल्य के कारण हो या प्रीमियम के रूप में जो रकम विधिवत् की गई मांग पर देय बन जाती हो ।

41. शेयरों पर ग्रहणाधिकार -

i) निम्नांकित पर बैंक का सर्वप्रथम एवं परम ग्रहणाधिकार होगा -

क) मांगी गई या निश्चित समय पर देय सभी रकमों के लिए (वर्तमान में देय हो या नहीं) प्रत्येक शेयर (जोकि पूर्णतः चुकता शेयर नहीं हो)

ख) एक व्यक्ति अथवा उसकी संपदा द्वारा बैंक को वर्तमान में देय बनी सभी धनराशियों के लिए उस व्यक्ति के एकल नाम में पंजीकृत सभी शेयर (जो कि पूर्णतः चुकता शेयर नहीं हो) ।

ग) प्रत्येक व्यक्ति (अपने नाम या फिर दूसरों के साथ संयुक्त रूप से) के नाम पंजीकृत सभी शेयर तथा बैंक के प्रति उसके अपने द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से देय ऋणों, देयताओं एवं बाध्यताओं के लिए उन शेयरों को बेचने से प्राप्त आगम, चाहे उसके भुगतान, पूर्ति या निर्मोचन का वास्तविक रूप से परिकलन किया गया हो अथवा नहीं और अपने ग्रहणाधिकार पर किसी भी शेयर पर सांकेतिक ब्याज का निर्धारण न किया गया हो ।

बशर्ते निदेशक मंडल, किसी भी समय इस खंड के प्रावधानों से किसी भी शेयर को पूरी या आंशिक छूट दे सकता है ।

ii) शेयर पर बैंक का ग्रहणाधिकार, उन पर देय सभी लाभांश पर भी लागू होगा ।

42. शेयर बेचकर ग्रहणाधिकार का प्रवर्तन करना -

i) बैंक किसी भी शेयर को, जिन पर कंपनी का ग्रहणाधिकार है, ऐसे तरीके से बेच सकता है, जो बोर्ड उचित समझे ।

क) यदि ग्रहणाधिकार जिस रकम से संबंधित है, वह वर्तमान में देय बन गयी हो और

ख) चौदह दिन की अवधि के समाप्त होने के बाद, वर्तमान में देय बनी रकम के, जिस से ग्रहणाधिकार संबंधित है, ऐसे हिस्से का बयान करते हुए और भुगतान की मांग करते हुए लिखित सूचना इस समय शेयर के पंजीकृत धारक को अथवा उसकी मृत्यु या दिवालियेपन के कारण पात्र बने व्यक्ति को दी गयी हो ।

42. शेयर बेचकर ग्रहणाधिकार का प्रवर्तन करना -

i) बैंक किसी भी शेयर को, जिन पर कंपनी का ग्रहणाधिकार है, ऐसे तरीके से बेच सकता है, जो बोर्ड उचित समझे ।

क) यदि ग्रहणाधिकार जिस रकम से संबंधित है, वह वर्तमान में देय बन गयी हो और

(ii) चौदह दिन की अवधि के समाप्त होने के बाद, वर्तमान में देय बनी रकम के, जिस से ग्रहणाधिकार संबंधित है, ऐसे हिस्से का बयान करते हुए और भुगतान की मांग करते हुए लिखित सूचना दस सामय शेयर के पंजीकृत धारक को अथवा उसकी मृत्यु या दिवालियेजन के कारण पात्र बने व्यक्ति को दी गयी हो ।

(iii) ऐसी बिक्री करने की दृष्टि से बोर्ड, शेयर के खरीदार को शेयरों का अंतरण करने के लिए किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकता है ।

43. शेयरों की बिक्री के आगम का विनियोजन - विनियम 42 के अधीन शेयरों की किसी बिक्री से प्राप्त निवल राशि का विनियोजन, ऐसी बिक्री की लागत को कम करने के बाद, उस ऋण या देयता को चुकाने के लिए किया जाएगा, जिनके संबंध में ग्रहणाधिकार मौजूद है और जो वर्तमान में देय है और यदि कोई राशि शेष बचती है तो वह शेयरधारक अथवा शेयरों की बिक्री बेचे गए शेयरों के अंतरण के फलस्वरूप अई व्यक्ति को अदा की जाएगी ।

44. जब्ती का प्रमाणपत्र - केनरा बैंक के किसी निदेशक या इस संबंध में विधिवत् प्राधिकृत किसी अधिकारी के हस्ताक्षर के अधीन इस आशय का एक लिखित प्रमाणपत्र कि शेयर के मामले में मांग की गई है और कि बोर्ड के इस आशय के संकल्प द्वारा शेयर जब्त कर लिए गए हैं, ऐसे शेयरों के पात्र सभी व्यक्तियों के खिलाफ तथ्यों का प्रमाण होगा ।

45. जब्त शेयरों के खरीदार एवं आबंटितियों का हक - केनरा बैंक, किसी बिक्री, पुनराबंटन या अन्य निपटान के फलस्वरूप शेयर के लिए प्रदत्त प्रतिफल प्राप्त कर सकता है तथा जिस व्यक्ति को ऐसे शेयर बेचे, पुनराबंटित किए अथवा निपटाए गए हैं, उसको शेयर के धारक के रूप में पंजीकृत किया गया है और प्रतिफल के विनियोजन के बारे में उसको जानकारी प्राप्त होना ज़रूरी नहीं और न ही शेयर की जब्ती, बिक्री पुनराबंटन और अन्य निपटान के संदर्भ में की गई कार्यवाही में किसी अनियमितता या अवैधता द्वारा, शेयर पर उसके हक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और बिक्री के कारण प्रभावित कोई व्यक्ति मात्र केनरा बैंक के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का दावा कर पाएगा ।

16. शेयरधारकों को नोटिस अथवा दस्तावेज भेजना -

i) बैंक, किसी शेयरधारक को व्यक्तिगत रूप से या उसके पंजीकृत पते पर सामान्य डाक से अथवा यदि भारत में उसका कोई पंजीकृत पता नहीं है तो उसके द्वारा बैंक को दिए गए, भारत के भीतर के पते पर कोई नोटिस या दस्तावेज भेज सकता है ।

ii) जहां डाक द्वारा दस्तावेज अथवा नोटिस भेज दी गई है, ऐसी नोटिस या दस्तावेज का प्रेषण, दस्तावेज या नोटिस के सांश एक पत्र पर उचित पता लिखने, पहले से भुगतान करने और डाक में डालने की प्रक्रिया मानी जाएगी :

बशर्ते जहां एक शेयरधारक ने पहले ही बैंक को सूचना दी है कि डाक-प्रेषण प्रमाणपत्र के अधीन अथवा पावती सहित या रहित पंजीकृत डाक द्वारा उसको दस्तावेज भेजे जाएं तथा इस प्रकार करने के लिए पर्याप्त राशि बैंक में जमा की हो, जब तक कि शेयरधारक द्वारा बताए गए तरीके से भेजा नहीं जाता यह नहीं माना जाएगा कि दस्तावेज या नोटिस भेज दी गई है । और ऐसी सेवा को एक बैठक की नोटिस के मामले में उसकी सूचना देनेवाले पत्र की तारीख के अड़तालीस घंटे बाद और अन्य मामलों में डाक से सामान्यतया पत्र के वितरित करने के समय, उपलब्ध करायी गयी माना जाएगा ।

iii) भारत में व्यापक तौर पर परिचालित एक अखबार में विज्ञापन के रूप में दी गई सूचना अथवा एक दस्तावेज को ऐसे प्रत्येक शेयरधारक को उस दिन विधिवत् दी गई सूचना माना जाएगा जिनका भारत में अपना पंजीकृत पता नहीं है और जिन्होंने अपने को नोटिस देने हेतु भारत के भीतर का कोई पता बैंक को नहीं दिया है ।

iv) शेयर के संबंध में रजिस्टर में शामिल प्रथम शेयरधारक को भेजकर बैंक द्वारा किसी शेयर के संयुक्त खाताधारक को नोटिस या दस्तावेज सुपुर्द किया जा सकता है और इस प्रकार दी गई नोटिस, उक्त शेयरों के धारकों के लिए पर्याप्त नोटिस होगी ।

v) एक शेयरधारक की मृत्यु अथवा दिवालियेपन के फलस्वरूप एक शेयर के लिए पात्र व्यक्ति को बैंक द्वारा एक नोटिस या दस्तावेज, इस प्रकार में किसी पते पर उनके अथवा मृत व्यक्ति के प्रतिनिधि के अथवा दिवालिया के समनुदेशितियों के अथवा इसी प्रकार के अन्य किसी व्यक्ति के नाम संबोधित पूर्व-भुगतान किए गए पत्र द्वारा भेज सकता है या जब तक कि इस प्रकार का पता नहीं दिया जाता, दस्तावेज इस प्रकार पहुँचा दिया जाएगा, जैसे मृत्यु या दिवालियापन हुआ ही न हो ।

vi) केनरा बैंक द्वारा दी जानेवाली किसी नोटिस पर हस्ताक्षर लिखित या मुद्रित हो

49. प्रतिभूति प्रमाणपत्रों का अभ्यर्पण

(i) कोई भी शेयरधारक या बैंक की प्रतिभूति का कोई भी धारक जो उपरोक्त नियम 48 के तहत करारबद्ध हो गया है, वह जिस प्रतिभूति के मामले में डिपॉज़िटरी की सेवा का लाभ उठाना चाहता है, उस प्रतिभूति प्रमाण पत्र को उसे बैंक को सौंपना चाहिए ।

(ii) उपरोक्त उप-विनियम (i) के तहत प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर बैंक प्रतिभूति प्रमाणपत्र को रद्द करेगा तथा उस प्रतिभूति के मामले में पंजीकृत स्वामी के रूप में उस डिपॉज़िटरी का नाम प्रतिस्थापित करेगा तथा तदनुसार डिपॉज़िटरी को सूचित करेगा ।

(iii) डिपॉज़िटरी उपरोक्त उप-विनियम (ii) के तहत सूचना प्राप्त करने के बाद, उपरोक्त उप-विनियम (i) में संदर्भित व्यक्ति के नाम के अपने रिकार्डों में हितार्थिकारी स्वामी के रूप में प्रविष्ट करेगा ।

50. प्रतिभूति के अंतरण को डिपॉज़िटरी के पास पंजीकृत करना - प्रत्येक डिपॉज़िटरी, बैंक रजिस्टर से प्रतिभूति के अंतरण को प्रभावी बनाने की सूचना प्राप्त करने के बाद उसी अंतरिती के नाम पर अंतरित करेगी ।

51. प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने या डिपॉज़िटरी के यहाँ रखी प्रतिभूति के धारण का विकल्प ।

(i) बैंक द्वारा प्रस्तुत की गई प्रतिभूतियों का अभिदान करनेवाले व्यक्ति को या तो प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने या प्रतिभूति को डिपॉजिटरी के पास रखने का विकल्प रहता है ।

(ii) जब कोई व्यक्ति निक्षेपागार के पास प्रतिभूति रखने का विकल्प अपनाता है, तो बैंक प्रतिभूति के आबंटन के ब्यौरे की सूचना ऐसी डिपॉज़िटरी को दे देगा तथा ऐसी सूचना प्राप्त होने के बाद डिपॉज़िटरी उस आबंटिती के नाम को उस प्रतिभूति के हितार्थिकारी स्वामी के रूप में अपने रजिस्टर में प्रविष्ट करेगी ।

52. डिपॉज़िटरी में रखनेवाली प्रतिभूतियाँ समरूप प्रकार में होनी चाहिए - डिपॉज़िटरी द्वारा धारित सभी प्रतिभूतियाँ डिमटिरियलाइज्ड होनी चाहिए तथा समरूप होनी चाहिए ।

अध्याय III

निक्षेपागार में रखी बैंक की प्रतिभूतियां

47. बैंक एवं निक्षेपागार के बीच संविदा - बैंक द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियों के संबंध में सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक एक या अनेक निक्षेपागार के साथ संविदा कर सकता है ।

48. सहभागी एवं निक्षेपागार के बीच संविदा

i) कोई भी सहभागी, किसी निक्षेपागार के एजेन्ट के रूप में कार्य करने हेतु संविदा कर सकता है । जिस निक्षपागार के साथ संविदा किया जाएगा, वह विनियम 47 के अधीन बैंक द्वारा संविदा किए गए निक्षेपागार में से कोई होगा ।

ii) बैंक का कोई भी शेयरधारक बैंक द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियों के संबंध में सेवाओं का लाभ उठाने हेतु ऐसे निक्षपागार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सहभागी के ज़रिए निक्षपागार के साथ संविदा कर सकता है ।

53. हिताधिकारी स्वामी के अधिकार डिपॉज़िटरी के पास धारित उसकी प्रतिभूतियों के मामले में हिताधिकारी स्वामी सभी अधिकारों तथा लाभों का हकदार होगा तथा सभी देयताओं के लिए ज़िम्मेदार होगा ।

54. हिताधिकारी स्वामी रजिस्टर -

(i) प्रत्येक डिपॉज़िटरी द्वारा धारित बैंक की प्रतिभूतियों के संबंध में प्रत्येक डिपॉज़िटरी द्वारा डिपॉज़िटरीज़ अधिनियम 1996 या भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्धारित प्रारूप में हिताधिकारी स्वामियों संबंधी रजिस्टर एवं सूचक का रख-रखाव किया जाए ।

(ii) बैंक द्वारा निर्धारित अंतराल पर डिपॉज़िटरी द्वारा अपने यहाँ रखे गए हिताधिकारी स्वामी रजिस्टर तथा सूचक की अद्यतन प्रति बैंक को प्रस्तुत की जाये ।

55. किन्हीं प्रतिभूतियों के मामले में बाहर निकलने का विकल्प

(i) यदि कोई हिताधिकारी स्वामी किसी प्रतिभूति के मामले में डिपॉज़िटरी से बाहर निकलना चाहता है, तो उसके द्वारा डिपॉजिटरी को तदनुसार सूचित किया जाए ।

(ii) उपरोक्त उप-विनियम (i) के तहत इस तरह की सूचना प्राप्त होने पर डिपॉज़िटरी द्वारा अपने रिकार्डों में उचित प्रविष्टियाँ की जायें तथा बैंक को उसकी सूचना दी जाए ।

(iii) डिपॉज़िटरी से सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों के अंदर तथा ऐसा शर्तें पूरी होने पर तथा सेबी डिपॉज़िटरीज़ तथा प्रतिभागी विनियम 1996 तथा / या डिपॉज़िटरीज़ अधिनियम, 1996 द्वारा विनिर्दिष्ट शुल्क का भुगतान करने पर बैंक द्वारा हिताधिकारी स्वामी को या अंतरिती को जैसा भी मामला हो प्रतिभूति प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

अध्याय 4

शेयरधारकों की बैठकें

56. वार्षिक आम बैठक के आयोजन की नोटिस

(i) शेयरधारकों की वार्षिक आम बैठक के आयोजन की नोटिस केनरा बैंक के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक या कार्यपालक निदेशक या अन्य किसी प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित, बैठक के पूरे 21 दिन पहले, भारत में व्यापक रूप से परिचालित होनेवाले कम से कम दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की जानी चाहिए ।

(ii) ऐसी प्रत्येक नोटिस में ऐसी बैठक के समय, तारीख व स्थान की सूचना तथा उस बैठक में जिस कारोबार के संबंध में चर्चा की जाएगी उसकी सूचना होनी चाहिए ।

(iii) ऐसी बैठक के समय व तिथि का निर्धारण बोर्ड द्वारा किया जाना चाहिए । बैठक केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय में होनी चाहिए ।

57. असाधारण आम बैठक

(i) बैंक के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में बैंक का कोई भी निदेशक शेयरधारकों की असाधारण बैठक का संयोजन कर सकता है, यदि बोर्ड ने ऐसा निदेश किया हो या ऐसी बैठक की मांग या तो केंद्र सरकार या ऐसे सभी शेयरधारकों द्वारा की गई हो जो कुल शेयरधारकों के संपूर्ण मताधिकार के कम से कम दस प्रतिशत अधिकार के हकदार हो ।

(ii) उपरोक्त उप-विनिमय (i) में उल्लिखित मांग में वह उद्देश्य स्पष्ट किया जाना चाहिए जिसके लिए असाधारण आम बैठक बुलाने की आवश्यकता पड़ी है, परंतु ऐसी ही फॉर्म में अनेक दस्तावेज़ समाहित हो सकते हैं जिनमें से प्रत्येक दस्तावेज़ पर मांगकर्ताओं में से एक या अनेक के हस्ताक्षर होंगे ।

(iii) जहाँ दो या उससे अधिक व्यक्ति संयुक्त रूप से किसी शेयर के स्वामी हैं, ऐसी स्थिति में उनमें से एक या अधिक धारकों द्वारा हस्ताक्षरित ऐसी मांग या नोटिस को उस विनियम के प्रयोजन हेतु सही प्रमाण तथा असर होगा मानो सभी धारकों द्वारा उस पर हस्ताक्षर किए गए हों ।

(iv) असाधारण आम बैठक के समय, तिथि व स्थान का निर्धारण बोर्ड द्वारा किया जाएगा :

> बशर्ते कि केंद्र सरकार या अन्य शेयरधारकों की मांग पर संयोजित बैठक, मांग की प्राप्ति के पैंतालिस दिनों के अंदर आयोजित की जानी चाहिए ।

(v) यदि अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक, जैसा भी हो, यदि उप-विनियम (i) की आवश्यकतानुसार बैठक का संयोजन उप विनियम iv के उपबंध के अनुसार निर्धारित अवधि के अंदर नहीं करता, तो खुद मांगकर्ताओं द्वारा मांग की तिथि से तीन महीने के अंदर बैठक बुलायी जा सकती है ।

बशर्ते कि, उपरोक्त तीन महीने की अवधि समाप्त होने से पहले विधिवत रूप से संयोजित बैठक को इस उप-विनियम की कोई भी बात, उस अवधि की समाप्ति के बाद किसी भी तिथि को स्थगित करने से रोक नहीं लगायेगी ।

(vi) मांगकर्ताओं द्वारा उप-विनियम (v) के तहत बुलायी गयी बैठक जहाँ तक संभव हो उसी तरीके से बुलायी जाये जैसा कि बोर्ड द्वारा अन्य आम बैठकें बुलायी जाती हैं ।

58. आम बैठक का कोरम -

(i) शेयरधारकों की किसी भी बैठक में किसी कारोबार पर कोई चर्चा नहीं की जानी चाहिए यदि ऐसी बैठक में मत देने का अधिकार रखनेवाले कम से कम पाँच शेयरधारकों का कोरम, ऐसे कारोबार के प्रारंभ में व्यक्तिगत रूप से वहाँ पर उपस्थित न हो ।

(ii) केंद्रीय सरकार को छोड़कर शेयरधारकों की मांग पर बुलायी गयी बैठक के मामले में बैठक के लिए नियत किये गये समय के आधे घंटे के अंदर यदि कोरम उपस्थित न हो, तो बैठक विगलित की जायेगी ।

(iii) अन्य किसी भी मामले में, बैठक के लिए नियत समय के आधे घंटे के अंदर यदि कोरम उपस्थित न हो तो बैठक अगले हफ्ते के उसी दिन उसी समय तथा स्थान पर या अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किसी भी दिन, समय या स्थान के लिए आस्थगित की जायेगी । आस्थगित बैठक के लिए निर्धारित समय के आधे घंटे के अंदर यदि कोरम उपस्थित न हो, तो जो शेयरधारक व्यक्तिगत रूप से या अन्य व्यक्तियों के द्वारा या विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधियों के द्वारा आस्थगित बैठक में उपस्थित हो, तो उसी को कोरम माना जाये तथा जिस कारोबार के लिए बैठक बुलायी गयी थी, प्रयोजन पूरा किया जाए ।

बशर्ते कि किसी भी वार्षिक आम बैठक को उस समय के बाद की तिथि को आस्थगित न किया जाए, जो कि इस अधिनियम की 10 ए (i) की शर्तों के अनुसार आयोजित करना अपेक्षित है तथा यदि परवर्ती हफ्ते के उसी दिन को बैठक आस्थगित करने से उसका यही प्रभाव होगा, तो वार्षिक आम बैठक आस्थगित नहीं की जाएगी, और यदि कोरम उपस्थित हो तो बैठक के लिए नियत समय के एक घंटे के अंदर या उस समय से लेकर एक घंटे की समाप्ति के तुरंत बाद, बैठक का कारोबार प्रारंभ किया जाए तथा जो शेयरधारक व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी से या विधिवत रूप से प्रतिनिधित्व के जरिये उपस्थित लोगों को कोरम माना जाये ।

69. आम बैठक के अध्यक्ष

(i) अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक द्वारा या आम तौर पर या, उस विशेष बैठक के लिए अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा प्राधिकृत किसी ऐसे किसी एक निदेशक द्वारा बैठक की अध्यक्षता की जायेगी तथा यदि अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक या कार्यपालक निदेशक या इसके लिए प्राधिकृत अन्य कोई निदेशक यदि उपस्थित न हो तो बैठक में उपस्थित व्यक्ति अन्य किसी निदेशक को अध्यक्ष के रूप में चुन सकती है ।

(ii) आम बैठक के अध्यक्ष आम बैठक के दौरान प्रक्रिया का नियंत्रण करेंगे विशेष कर उन्हें यह तय करने का अधिकार होगा कि शेयरधारक किस क्रम में बैठक को संबोधित करेंगे, अध्यक्ष उनके भाषण के लिए समय निर्धारित करेंगे, जब उनकी राय में किसी विषय पर पर्याप्त चर्चा हो चुकी हो तो उसको समाप्त कर देंगे तथा बैठक को स्थगित करेंगे ।

60. सामान्य बैठक में भाग लेने हेतु अर्ह व्यक्ति

(i) उपनियम (ii) के प्रावधानों के अधीन केनरा बैंक के सभी निदेशक व शेयरधारक आम बैठक में भाग लेने के लिए अर्ह होंगे ।

(ii) आम बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारक (केन्द्र सरकार को छोड़कर) या निदेशक अपनी पहचान व मताधिकार सिद्ध करने हेतु अध्यक्ष द्वारा निर्दिष्ट प्रपत्र, जिसमें निम्न जानकारी होनी चाहिए, हस्ताक्षर कर बैंक को प्रस्तुत करेंगे ।

(क) उनका पूरा नाम व पंजीकृत पता ।

(ख) उनके शेयरों की विनिर्दिष्ट क्रम सं.

(ग) क्या उनका मताधिकार है और कितने मत व्यक्तिगत रूप से या प्रोक्सी या पूर्ण रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में देने का अधिकार उनके पास है

61. आम बैठक में मताधिकार

i) किसी आम बैठक में जब तक मतदान की मांग नहीं की जाती है किसी भी संकल्प पर निर्णय हाथ उठाकर लिया जाना चाहिए ।

(ii) नियम के अन्तर्गत अन्यथा प्रावधान न होने पर आम बैठक के सभी मुद्दों पर निर्णय बहुमत के आधार पर होना चाहिए ।

(iii) उप नियम (i) के अन्तर्गत जब तक मतदान की मांग नहीं की जाती है, बैठक के अध्यक्ष द्वारा यह घोषणा कि हाथ ऊपर उठाकर संकल्प सर्वसम्मति द्वारा या एक विशेष बहुमत द्वारा पारित किया गया है या पारित नहीं किया गया है संबंधी प्रविष्ट जो कि बैठक के कार्यवृत्त को नोट करने वाली बही में प्रविष्ट किया जाता है तथ्यों का पूरा साक्ष्य माना जाएगा भले ही इस प्रकार के संकल्प के पक्ष में या संकल्प के विरोध में पड़े मतों के अनुपात का साक्ष्य हो या न हो ।

(iv) हाथ ऊपर उठाकर किए गए किसी संकल्प के मतदान की घोषणा करने पर या उसके पूर्व, बैठक के अध्यक्ष के अपने अभिमत पर तथा किसी शेयरधारक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित शेयरधारक द्वारा या प्रोक्सी द्वारा जिनके पास केनरा बैंक के शेयर है जो इस संकल्प के कुल मताधिकार के 1/5 से कम न हो, जो उन्हे संकल्प के पक्ष में या विरोध में वोट करने का अधिकार देते हैं, मांग किए जाने पर बैठक के अध्यक्ष द्वारा मतदान का आदेश दिया जा सकता है । पर

(v) मतदान करने हेतु की गई मांग को इस प्रकार मांग करनेवाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा वापस लिया जा सकता है ।

(vi) स्थगन प्रस्ताव पर मांग किए गए मतदान अथवा बैठक के अध्यक्ष के चुनाव हेतु मतदान को तुरंत किया जाएगा ।

(vii) अन्य किसी प्रश्न पर मत विभाजन की मांग को इस प्रकार की मांग की 48 घंटों के अंदर अध्यक्ष के निर्देश के अनुसार किया जाना चाहिए ।

(viii) किसी व्यक्ति का मत देने का अधिकार तथा मतदान की स्थिति में किसी व्यक्ति को कितने मत प्रदान करने का अधिकार है इस संबंध में बैठक के अध्यक्ष द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा ।

62. आम बैठक का कार्यवृत्त

(i) केनरा बैंक द्वारा कार्यवाहियों का कार्यवृत्त इस प्रयोजनार्थ रखी गई पुस्तिका में नोट करवाने हेतु कार्रवाई [illegible] की जाएगी।

(ii) कोई भी कार्यवृत्त, जिसे उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा जिसमें ऐसी कार्यवाही संपन्न हुई, या परवर्ती बैठक के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना अभिप्रेत है तो उसे उस कार्यवाही का साक्ष्य माना जाएगा।

(iii) अन्यथा यह साबित होने तक हर आम बैठक की उक्त कार्यवाही से संबंधित कार्यवृत्त को विधिवत रूप से बुलाई गई और चलाई गई बैठक की कार्यवाही माना जाएगा।

भाग V

निदेशकों का चुनाव

63. आम बैठक में चुने जानेवाले निदेशक

(i) नियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (i) के नियम के अंतर्गत रजिस्टर में नाम दर्ज वाले शेयरधारकों द्वारा, केन्द्रीय सरकार को छोड़कर केनरा बैंक की आम बैठक में अपने में से एक को निदेशक के रूप में चुना जा सकता है।

(ii) किसी आम बैठक में निदेशक का चुनाव किया जाना हो तो इस संबंध में सूचना को बैठक की सूचना में शामिल किया जाना चाहिए। इस प्रकार की हर सूचना में चुने जानेवाले निदेशकों की संख्या तथा जिनके लिए मतदान किया जाना है उन रिक्तियों का ब्योरा दिया जाना चाहिए।

64. शेयरधारकों की सूची

(i) निदेशक के चुनाव हेतु इस विनियमावली के विनियम 63 के उप विनियम (i) के अनुसार रजिस्टर में दर्ज शेयरधारकों की सूची बनाई जानी चाहिए जिनमें से निदेशक चुना जाना है।

